मुख्य संपादक एवं संपादक की कलम से...

मनोज सिंह
अध्यक्ष, एसआईआरडी एवं
मुख्य संपादक, परमाणु विज्ञान

सैयद इरफ़ान अली
उप निदेशक (राजभाषा) एवं
संपादक, परमाणु विज्ञान

"परमाणु विज्ञान" को मूर्त रूप देकर इसके प्रथम अंक की प्रति आपके अवलोकन हेतु प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष और प्रसन्नता हो रही है।

किसी भी पत्रिका का प्रथम अंक अपनी शैली एवं दृष्टिकोण को निर्धारित करता है। यह प्रकाशन हमें महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कार्य और उनके पीछे की कहानियों को एक ऐसी भाषा एवं शैली में साझा करने का अवसर प्रदान करता है, जो आम जनमानस तक पहुंच बना सके। हमारा प्रयास है कि "परमाणु विज्ञान" पत्रिका के माध्यम से नाभिकीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रासंगिकता समाज के हर वर्ग तक रेखांकित हो।

इसका प्रत्येक अंक पाठकों को वैज्ञानिक खोज की दुनिया के निकट ले जाने की दिशा में एक कदम होगा। हमारा प्रयास यही रहेगा कि इस पत्रिका के माध्यम से विज्ञान के फलों का लाभ आम जनता तक पहुंचाए। हमारे इस प्रयास को सफल बनाने में आपका सहयोग प्रार्थनीय है।

इस पत्रिका के माध्यम से हम पर्यावरण, नाभिकीय विज्ञान एवं उससे जुड़ी प्रौद्योगिकियां, स्वास्थ के उच्च स्तरीय अनुसंधान को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। हम लेखकों से आग्रह करते हैं कि वे अपने शोध एवं विचार हमारे साथ साझा करते रहें, ताकि ज्ञान एवं विज्ञान को आमजन तक पहुंचाकर एक समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज का निर्माण किया जा सके। संपादकीय समिति ने इस पत्रिका को प्रत्येक दृष्टिकोण से संतुलित बनाए रखने के लिए सभी विषयों के लेखों का सम्मिलित करने का प्रयास किया है।

इस पत्रिका के आगामी अंकों में भी हम नवीनतम अनुसंधान एवं विकास, विचार आदि प्रकाशित करने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। इस पत्रिका के अंक दर अंक में निखार ले आने के लिए, सुधी पाठकों के अमूल्य सुझावों एवं सहयोग की प्रतीक्षा रहेगी।



(मनोज सिंह)



(सैयद इरफ़ान अली)